पार्थ योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम के समापन समारोह में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने यहां श्पार्थश योजना का शुभारंभ भी किया। पार्थ यानी पोलिस आर्मी रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग एण्ड हुनर योजना के तहत सरकार युवाओं को सेनाए पुलिस और पैरा मिलिट्री की ट्रेनिंग देगी। योजना के बारे में खेल मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि प्रदेश के देशभक्त एवं उर्जावान युवाओं को पुलिस एवं आर्मी में रोजगार तथा देश प्रेम की भावना जागृत करने के लिये यह योजना लायी गई है।

जेपीसी.एक राष्ट्र एक चुनाव

एक राष्ट्र एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति. जेपीसी की पहली बैठक नई दिल्ली में जारी है। विधेयकों को आधिकारिक तौर पर 129वां संविधान संशोधन विधेयक.2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून.संशोधन विधेयक.2024 नाम दिया गया है।

39 सदस्यीय समिति में 27 सदस्य लोकसभा से और 12 राज्यसभा से हैं। यह समिति अगले संसद सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। बैठक के पहले समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद पी पी चौधरी ने कहा कि आज संबंधित मंत्रालय इस बारे में जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि समिति सभी हितधारकों के विचार जानेगी।

प्रवासी भारतीय दिवस

18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन आज ओडिसा के भुवनेश्वर में शुरू हुआ। इसमें 75 देशों से आये लगभग छह हजार प्रवासी भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन की शुरूआत युवा प्रवासी दिवस कार्यक्रम से हुई। सम्मेलन का औपचारिक रूप से उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल करेंगे । सम्मेलन में त्रिनिडाड और टोबेगो के

राष्ट्रपति क्रिस्टिन कार्ला कांगलू क वर्चुअल रुप से शामिल होंगे वे सम्मेलन के मुख्य अतिथि हैं। इस सम्मेलन की थीम . **विकसित भारत के लिए प्रवासी समुदाय का योगदान।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगी। और प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान करेंगी।

<u>मौसम</u>

उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं से प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई इलाकों में अगले 48 घंटों में ठिठुरन बढ़ने के आसार है। आज 29 जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। बर्फीली हवाओं की वजह से भोपालए इंदौरए ग्वालियरए जबलपुरए उज्जैन समेत पूरे प्रदेश में दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट हुई है। मौसम विभाग ने सतना-रीवा समेत 11 जिलों में कोल्ड डे की संभावना जताई है। वहीं 12 जनवरी से कुछ जिलों में हल्की बारिश भी होने के आसार है। इससे पहले कल कई शहरों में दिन के पारे में खासी गिरावट हुई। राजधानी भोपाल में पारा 21ण्4 डिग्री रहा। एक ही दिन में पारा 6ण्4 डिग्री लुढ़क गया। ग्वालियर में तापमान 18ण्4 डिग्री सेल्सियस रहा। इस बीच बैतुल में पारा साढ़े 4 डिग्री लुढ़क गया। अधिकतम तापमान २३ डिग्री एवं न्यूनतम तापमान १२.२ डिग्री रिकार्ड किया गया। जबलपुर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। शहर में विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। खंडवा में न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जबकि अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस किया गया है।

<u>महाकुंभ</u>

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए इलेक्ट्रिक बसें चलाएगा। भीड़ नियंत्रण के लिए महाकुंभ क्षेत्र में 7 हजार ग्रामीण बसें और तीन सौ 50 शटल बसें लगायी जाएंगी। मुख्य स्नान के दिनों में सुव्यवस्थित भीड़ प्रबंधन के लिए प्रयागराज के आस-पाास से आने वाली बसों को बाहरी मेला क्षेत्र में स्थापित आठ अस्थायी बस अड्डों से संचालित किया जाएगा।

<u>संक्षेप</u>

- **उज्जैन में सिंहस्थ 2028 को लेकर कान्ह क्लोज़ डक्ट परियोजना का कार्य प्रगति पर है। इसमें क्षिप्रा नदी स्वच्छ व अविरल होगीए आज कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कार्य का निरीक्षण किया ।**
- प्रथम पचमढ़ी रॉक क्लाइम्बिंग चैलेंज 2025 का आयोजन 10 से 19 जनवरी तक पचमढ़ी में किया जाएगा। इस चैलेंज के विजेता को 1 लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- शिवपुरी जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम न्यायालय की बैठक आयोजित की जाएगी। 10 जनवरी को ग्राम पंचायत सुरवाया में ग्राम न्यायालय का आयोजन किया जाएगा।
- आगरमालवा में सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग हेतु लगाये शिविर में 146 दिव्यांगजनों का एलिम्को उज्जैन की टीम द्वारा चिन्हांकन किया गया। साथ ही 25 से अधिक दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र व 30 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी बनाए गये।